बिहार लोक सेवा आयोग

15, नेहरू पथ (बेली रोड), पटना – 800001

माननीय उच्च न्यायालय, पटना द्वारा CWJC No. 1586/2023, आकाश कुमार बनाम् राज्य सरकार एवं अन्य में दिनांक 18.04.2023 को पारित न्यायादेश के अनुपालन में 31वीं बिहार न्यायिक सेवा प्रतियोगिता परीक्षा (वि॰सं॰ 04/2020) के एक उम्मीदवार, अनुक्रमांक – 126937, आकाश कुमार का अन्तिम परीक्षाफल

विज्ञापन संख्या – 04/2020 के अन्तर्गत असैनिक न्यायाधीश (कनीय कोटि) के पदों पर नियुक्ति हेतु 31वीं बिहार न्यायिक सेवा प्रतियोगिता परीक्षा के अन्तर्गत अन्तिम परीक्षाफल प्रकाशन एवं अनुशंसा प्रेषित किये जाने के बाद उक्त प्रतियोगिता परीक्षा के एक उम्मीदवार, अनुक्रमांक – 126937, आकाश कुमार द्वारा माननीय उच्च न्यायालय, पटना में सी॰डब्लू॰जे॰सी॰ संख्या – 1586/2023, आकाश कुमार बनाम् राज्य सरकार एवं अन्य दायर किया गया।

सी॰डब्लू॰जे॰सी॰ संख्या – 1586/2023, आकाश कुमार बनाम् राज्य सरकार एवं अन्य में माननीय उच्च न्यायालय, पटना द्वारा दिनांक 18.04.2023 को पारित आदेश के अंश निम्न प्रकार हैः–

"…. Be that as it may, because of non-joining of one Ashish Chandra, one position definitely falls vacant which should go to the first of the Backward category candidate who has obtained 536 marks and in this case the candidate is one Nishant Ranjan.

….This automatically results in one position in the Backward Category falling vacant and that should logically go to the petitioner/Akash Kumar who is the first in the merit list amongst the candidates in waiting list.

…. So far as the case of Akash Kumar is concerned, we direct that necessary requisition be sent by the State to the Commission for the needful.

माननीय न्यायालय द्वारा पारित आदेश के अनुपालन में सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार द्वारा श्री आकाश कुमार की नियुक्ति हेतु अनुशंसा उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया है।

उल्लेखनीय है कि अनारक्षित (01) कोटि के विरूद्ध अनुशंसित एक उम्मीदवार, अनुक्रमांक – 102437, आशीष चन्द्रा, संयुक्त मेधा क्रमांक – 80 के Non-joining के फलस्वरूप उत्पन्न एक रिक्ति के विरूद्ध मेधाक्रमानुसार पिछड़ा वर्ग (05) कोटि के अन्तर्गत चयनित प्रथम उम्मीदवार, संयुक्त मेधा क्रमांक – 84, अनुक्रमांक – 121468, निशांत रंजन स्थान पायेंगे जिसके कारण पिछड़ा वर्ग (05) में 01 रिक्ति उत्पन्न होगी जिसके विरूद्ध उक्त कोटि के अन्तिम चयनित उम्मीदवार, संयुक्त मेधा क्रमांक – 244 के बाद अवस्थित मेधाक्रमानुसार अगले उम्मीदवार संयुक्त मेधा क्रमांक – 245, अनुक्रमांक – 126967, आकाश कुमार चयन की परिधि में आते हैं।

तदालोक में, आयोग, सी॰डब्लू॰जे॰सी॰ संख्या – 1586/2023, आकाश कुमार बनाम् राज्य सरकार एवं अन्य में माननीय उच्च न्यायालय, पटना द्वारा दिनांक 18.04.2023 को पारित आदेश के अनुपालन में अनुक्रमांक – 126937, आकाश कुमार को विज्ञापन संख्या – 04/2020, 31वीं बिहार न्यायिक सेवा प्रतियोगिता परीक्षा के अन्तर्गत सफल घोषित करता है।

तिथिः 9 मई, 2023

9/5/23

परीक्षा नियंत्रक,

बिहार लोक सेवा आयोग, पटना